आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.07.2025 / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तरांगला में कल हुई एचआरटीसी बस दुर्घटना में आठ लोगों की मृत्यू पर दुख व्यक्त किया है और घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपए, जबकि घायलों को 50–50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की घोषणा की।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति के मूल कारणों का पता लगाने के लिए अपने तीन दिवसीय दौरे पर मंडी पहुंची बहु–क्षेत्रीय केंद्रीय टीम आज थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों का दौरा करेगी। ये टीम कल 26 जुलाई को धर्मपुर का दौरा कर दिल्ली वापस लौटेगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी। प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए गठित बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम आपदा प्रभावित स्थानों पर पहुंची है।

*डिस्पैच– हिमाचल प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए गठित बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम ज़िला में प्राकृतिक आपदा के घटित होने के कारणों का पता लगाने व इसके दुष्प्रभावों का अध्ययन व समीक्षा करने के लिए आपदा प्रभावित स्थानों पर पहुंची है । इस केंद्रीय टीम में टीम लीडर कर्नल के.पी.सिंह सलाहकार (ऑपरेशन और कमांड), एनडीएमए गृह मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ.एस.के. नेगी मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर, सीबीआरआई रूड़की, प्रोफेसर अरुण कुमार, भूविज्ञानी (सेवानिवृत्त) मणिपुर विश्वविद्यालय, डॉ. सुष्मिता जोसेफशोध वैज्ञानिक, डॉ. नीलिमा सत्यम प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग आईआईटी मंडी आदि शामिल रहे।*

केंद्रीय टीम

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए बहु–क्षेत्रीय केंद्रीय टीम ने कल जिला मंडी के उपमंडल करसोग का दौरा किया। बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम ने करसोग में भारी बारिश, बादल फटने की घटना और भूस्खलन से प्रभावित स्थान सरकोल और शंकर देहरा में पहुंच कर आपदा के कारणों का पता लगाने के विषय में अध्ययन किया।

जल शक्ति विभाग

बारिश के पानी की पाइप को सीवरेज की लाइन या चैंबर से जोड़ने वाले उपभोक्ताओं को जल शक्ति विभाग ने एक बार फिर चेतावनी जारी की है। जल शक्ति विभाग के उपमंडल हमीरपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा वर्षा के पानी की पाइप को सीवरेज की लाइन या चैंबर से जोड़ने से शहर की सीवरेज व्यवस्था को बहुत ज्यादा नुक्सान होता है। . सहायक अभियंता ने ऐसे उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के मकान में वर्षा के पानी की

पाइप सीवरेज लाइन या चैंबर से जुड़ी हुई पाई गई तो उस उपभोक्ता का सीवरेज कनेक्शन पूर्व नोटिस के बगैर ही तुरंत प्रभाव से काट दिया जाएगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि मंडी जिले के नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही में प्राकृतिक आपदा में भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावितों को हरसंभव मदद के लिए कृतसंकल्प है और राहत व पुनर्वास कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। जगत सिंह नेगी ने कल नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत गोहर के समीप गुडाहर में स्थित राजकीय अटल आदर्श विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस वर्ष की आपदा से प्रभावित सभी लोगों को राहत मैनुअल के अनुसार सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में प्रदेश में आई आपदा के बाद प्रदेश सरकार ने राहत मैनुअल में बदलाव करते हुए मुआवजा राशि में 25 गुना तक की बढ़ोतरी की है।

निर्देश

सरकारी स्कूलो में अब प्रवक्ता छठी से दसवीं तक की कक्षाओं को भी पढाएंगे। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने भर्ती एंव पदोन्नति नियमों का हवाला देते हुए कल सभी स्कूलों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए है। विभाग ने सभी प्राधानाचार्यों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों मे स्पष्ट किया गया है कि स्कूल के प्रधानाचार्यों को अधिकार है कि वे अपनी आवश्यता और विषय विशेषज्ञता के अनुसार शिक्षकों को कक्षा आबंटित करें।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून की रफतार धीमी पड़ने से लोगों ने राहत की सांस ली है और प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी आई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। जबकि अगले चार दिन यानी 26 से 29 जुलाई तक कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश भर में एक नेशनल हाईवे सहित 2 सौ 35 सड़कें बंद हैं। वहीं 56 बिजली ट्रांसफार्मर व 139 पेयजल स्कीमें बाधित हैं। राज्य में अब तक 147 लोगों की मौत हुई है, और 34 अभी तक लापता हैं। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 28 लोगों की मौत हुई है और 27 लापता हैं।